Headline: IIHMR Startup signs agreement with the Department of Technology and Communication: Preparing to promote student-led startups to enhance a better ecosystem in the state.

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
28.11.2024	Bhasker	Online

दैनिक भास्कर

होम वीडियो सर्च वेब स्टोरीज ई-पेपर

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
विधानसभा चुनाव
भास्कर खास
क्रिकेट
DB ओरिजिनल
जॉब - एजुकेशन
स्पोर्ट्स
बॉलीवुड
लाइफस्टाइल
जीवन मंत्र
वुमन

Hindi News / Local / Rajasthan / Jaipur / Rajasthan News, IIHMR Startup Signs MoU With Department Of Information Technology And Communication

आईआईएचएमआर स्टार्टअप का सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग से समझौता: प्रदेश में बेहतर ईको सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए छात्र-नेतृत्व वाले स्टार्ट-अप को आगे बढ़ाने की तैयारी

जयपुर 2 दिन पहले

आईआईएचएमआर फाउंडेशन की जयपुर स्थित एक प्रमुख इकाई आईआईएचएमआर स्टार्टअप ने राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते की घोषणा की है। इस साझेदारी के माध्यम से, आईआईएचएमआर स्टार्ट-अप्स ने राज्य में एक बेहतर ईको सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप और छात्र-नेतृत्व वाले स्टार्ट-अप को आगे बढ़ाने की तैयारी की है।

राइजिंग राजस्थान इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप प्री-समिट में आईआईएचएमआर स्टार्ट-अप्स ने एक प्रमुख भागीदार के रूप में जगह बनाई है। इस दौरान आईआईएचएमआर स्टार्ट-अप्स ने रणनीतिक पहलों, अत्याधुनिक कार्यक्रमों और सफलता की कहानियों के माध्यम से राजस्थान के उद्यमशीलता संबंधी परिदृश्य में व्यापक बदलाव लाने के लिए अपने प्रयासों की जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में 'बिल्डिंग राजस्थान एज एन आईटी एंड इनोवेशन हब' थीम पर पैनल चर्चा का आयोजन भी किया गया। इस दौरान उद्योग के अग्रणी दिग्गजों और विचारकों ने आईटी और नवाचार में सबसे आगे रहने से जुड़ी राज्य की अपार संभावनाओं पर चर्चा की।
आईआईएचएमआर फाउंडेशन के निदेशक डॉ. पी.आर. सोडानी ने कहा- हमें राजस्थान में हेल्थकेयर स्टार्ट-अप के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के साथ सहयोग करने की खुशी है। यह साझेदारी राज्य में इनोवेशन आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।

आईआईएचएमआर फाउंडेशन के सीईओ पुनीत दत्ता ने इन भावनाओं को दोहराते हुए कहा- हमारा लक्ष्य एक ऐसा बेहतर ईको सिस्टम स्थापित करना है जो न केवल उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करे, बल्कि रोजगार के सार्थक अवसर भी पैदा करें। यह समझौता इसी लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस महत्वपूर्ण साझेदारी के जरिए इनोवेशन के प्रयासों को और तेज करने की तैयारी है। इस तरह के प्रयासों से राजस्थान में स्टार्ट-अप से संबंधित ईको सिस्टम को और मजबूत करने में मदद मिलेगी और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े इनोवेशन को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। स्वास्थ्य सेवा में अपनी 40 साल की विरासत और एक समर्पित इनक्यूबेटर के रूप में अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, आईआईएचएमआर स्टार्ट-अप्स स्वास्थ्य सेवा स्टार्ट-अप्स के विकास को बढ़ावा देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के विशेष प्रयास करता है। इस तरह आईआईएचएमआर स्टार्ट-अप्स महत्वपूर्ण चुनौतियों को दूर करने वाले परिवर्तनकारी समाधानों को बढ़ावा देता है और इस क्षेत्र में प्रभावशाली बदलाव लाता है।